

## 30 नवम्बर से आयोजित होगी पंचकोशी पदयात्रा



**बड़वानी।** मां नर्मदा जी की 37वीं राजघाट बड़वानी कोटेश्वर, पंचकोशी पदयात्रा इस वर्ष 30 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 में आयोजित की जाएगी। यात्रा संयोजक शंकरलाल यादव, यात्रा संचालक शंकरसिंह कौचें, यात्रा सह संचालक राजु चौहान एवं जितेंद्र यादव ने कहा कि राजघाट रोड़ स्थित कृषि उपज मंडी में यात्री 29 नवम्बर शाम तक उपस्थित होंगे। जिन्हें सिद्धाश्रम गैस एजेंसी के कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन और चाय प्रसादी बांटी जाएगी। रात्रि में आरती, पुजन, भजन और जागरण होगा। इस अवसर पर सुबह राजघाट बैक वाटर से ध्वज पुजन आरती कर कृषि मंडी बड़वानी में भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके बाद यात्रा सिद्धेश्वर मंदिर, बस स्टैंड, तिरछी पुलिया, योगमाया मंदिर मार्ग, कल्याणपुरा, गायत्री मंदिर पिछोड़ी, कठोरा, गणेशपुरा होते हुए ग्राम पाल्या में पहुंचेगी। जहां यात्रा पहला रात्रि विश्राम करेगी।

## लाड़ली लक्ष्मी योजना ने दिए सपनों को पंख

**बड़वानी।** ग्राम वरला की रितु राठौर के लिए मप्र सरकार की लाड़ली लक्ष्मी योजना ने सपनों को पंख दिए। रितु के माता-पिता ने दूरदर्शिता दिखाते हुए उन्हें योजना से जोड़ा। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंकों के साथ अध्ययन कर रही रितु योजना की ह्रदय से आभारी हैं। रितु कहती हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही यह योजना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। रितु का सपना अब अध्यापिका बनने का है। उनका संकल्प है कि वे अध्यापिका बनकर अपने ग्राम और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। उनकी दृढ़ता है कि समय पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ न मिलता, तो शायद उनकी शिक्षा के पथ पर कई मुश्किलें आ सकती थी। इस सहायता के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करती हैं।

## एचडीएफसी इर्गो ने मप्र फसल बीमा योजना लागू की

**बड़वानी.** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी,एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रबी, 2025सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू करने के लिए अधिकृत किया गया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा. पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, लैंडस्लाइड, चक्रवात, तूफ़ान, तूफ़ानी बारिश, सैलाब, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं. किसान सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के तहत बीमा कवर का लाभ अपने जिले में अपने बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट्स से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं.

## महिला फुटबॉल लीग में मंडला ने महू को 3-1 से हराया



महू. यहां खेली जा रही मप्र महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में शनिवार को हुए रोचक मुकाबले में प्रतियोगिता की सशक्त और प्रबल दावेदार टीम नर्मदा वैली फुटबॉल क्लब मंडला ने नेशनल फुटबॉल क्लब महू को 3-1 से पराजित कर दिया. यह जानकारी प्रतियोगिता के आयोजक नेशनल फुटबॉल क्लब महू के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं सचिव नीरज शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सोमवार को दो शानदार मुकाबले खेले जाएंगे. रविवार को अवकाश रहेगा. अतिथि के रूप में अभिभाषक संघ महू के अध्यक्ष भरतसिंह ठाकुर, अभिभाषक संघ महू के सचिव अभिषेक जयसवाल, अधिवक्ता सुधीर शुक्ला व संदेश जी उपस्थित थे. अतिथियों का स्वागत इंदौर जिला फुटबॉल संघ के चेयरमैन जेसी खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले, सदस्य सुरेश डामोर, दीपक भंवर, अशोक डागर, श्रीकृष्णा अन्ना, विक्रम शक्तावत ने तथा संचालन प्रवीण कांबले ने किया. मैच कमिश्नर के रूप में सुनील वर्मा (हरदा), रेफरी एसेसर एम.कुरैशी (इंदौर) तथा महिला रेफरियों में लक्ष्मी सहीस (शहडोल), करिश्मा सिंह (सतना), पूजा वारसी (बालाघाट), राहुल गुप्ता (सिंगरोली), अंजल सिंह ठाकुर (बालाघाट), नितेश मरावी (सिवनी) उपस्थित रहे.



## गायत्री महायज की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

महू. आर्य समाज के तत्वावधान में हर दो वर्ष में होने वाला गायत्री महायज्ञ इस वर्ष 31 दिसम्बर से 4 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा. इसकी तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई. बैठक में लिए गए निर्णयानुसार प्रात: 8.30 से यज्ञ, उसके पश्चात यज्ञ के ब्रह्मा का यज्ञ पर प्रवचन तथा दोपहर में 2 बजे से भजन व वेद कथा होगी. तथा रात्रि कालीन सत्र में 7 से 8 भजन व 8 से 9 विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान होंगे. महायज के संयोजक प्रकाश आर्य ने कि बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद् श्रीराम जायसवाल ने की. बैठक में आर्य राधेश्याम बियानी, आर्य रामलाल प्रजापति, श्रीधर गोस्वामी, सुनीति शर्मा, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, ओमजी आर्य, हरिशंकर विजयवर्गीय, रवि वर्मा, अश्वनी शर्मा, राजेश नेनावा, मुकेश शर्मा, अमर चन्द चौहान, रितेश आर्य, अजय गोयल, इन्दर सिंह, योगेश मित्तल, महतोजी, राजेन्द्र हर्षवाल, मनोहर अग्रवाल, चौहान, आशीष आर्य, रामेश्वर उपाध्याय, ओंकारनाथ तिवारी, श्रीमती सरोज शर्मा, श्रीमती सरिता नेनावा, श्रीमती चंचल टांक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे.

## एनीमेशन के ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन

इंदौर. एरीना एनीमेशन ने विजय नगर क्षेत्र में अपने नए ट्रेनिंग सेंटर का सफल उद्घाटन किया है। इस सेंटर का उद्घाटन ज़ेबूएफएक्स के को-फाउंडर और वीएफएक्स सुपरवाइजर श्री जतीन ठक्कर द्वारा किया गया।.इस अवसर पर एरीना एनीमेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं नेशनल सेल्स हेड शाजन सैमुअल, भाजपा के राज्य महासचिव गौरव रणदिवे, एरीना विजय नगर इंदौर के डायरेक्टर निखार अगरवाल एवं एरीना एनीमेशन इंदौर विजय नगर के डायरेक्टर सूर्यकांत कौशल उपस्थित रहे. नए सेंटर के माध्यम से इंदौर और उसके आसपास के क्षेत्रों के इच्छुक छात्रों को ट्रेनिंग का अवसर मिलेगा. इस अवसर पर शाजन सैमुअल ने कहा नया सेंटर एनीमेशन, वीएफएक्स, गेमिंग और कॉमिक्स इंडस्ट्री में शामिल होने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए नए मार्ग खोलेगा. नए सेंटर के साथ प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी को विश्वस्तरीय शिक्षा और संसाधन उपलब्ध होंगे.

# ठंड में कलर नहीं स्वेटर व जैकेट जरूरी

### शासन ने जारी किए स्पष्ट निर्देश, स्कूलों में नहीं होगी रोक-टोक, उल्लंघन करने पर स्कूल पर कार्रवाई



**बड़वानी,**ठंड के मौसम में स्कूली बच्चे स्कूल प्रबंधन द्वारा बताए गए स्वेटर, स्कार्फ को कलर अनुसार खरीदने जिद कर रहे हैं और आपके पास बजट नहीं है, तो यह खबर पढ़ने के बाद आप अपने बच्चे को संतुष्ट कर पाएंगे। साथ ही आपको कोई नई स्वेटर, गरम कपड़े खरीदने की जरूरत नहीं है। दरअसल शासन ने ठंड में बच्चों को कलर नहीं स्वेटर व जैकेट पर प्राथमिकता दी है। ऐसे में इस मौसम में बच्चा किसी भी कलर की स्वेटर, जैकेट पहनकर स्कूल जा सकता है। यदि स्कूल प्रबंधन रोक टोक करता है तो शिकायत करने पर स्कूल पर भी कार्रवाई की जाएगी।

मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय ने सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों द्वारा अलग रंग या डिजाइन के स्वेटर/गरम कपड़े पहनने पर कक्षा में प्रवेश रोके जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इस आदेश में साफ कहा है कि सर्दी से बचाव के लिए विद्यार्थी यदि निर्धारित गणवेश के अतिरिक्त किसी भी रंग या डिजाइन का गर्म कपड़ा पहनकर आते हैं, तो उन्हें कक्षा में आने से नहीं रोका जाएगा। साथ ही कक्ष के बाहर जूते मौजा उतारने बाध्य नहीं किया जाएगा।

आदेश में यह भी कहा कि कई बार विद्यार्थियों को गर्म कपड़े उतारकर कक्षा में उपस्थित होने के लिए बाध्य किया जाता है, जिससे वे ठंड के कारण स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करते हैं। विभाग ने इस प्रथा पर रोक लगाते हुए निर्देश दिया कि छात्र को कक्षा के बाहर गर्म कपड़े उतारने के लिए मजबूर न किया जाए।

स्थानीय शिक्षा अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के लिए आदेशित किया गया है। इस आदेश के बाद उम्मीद की जा रही है कि स्कूलों में सर्दी के दौरान विद्यार्थियों को गर्म कपड़े पहनने की पूरी स्वतंत्रता मिलेगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी शीला चौहान का कहना है कि आदेश प्राप्त हुआ है। जिसे निजी और शासकीय स्कूलों में भेजा है। साथ ही कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश के कई शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को यूनिफॉर्म से अलग रंग के स्वेटर पहनने पर कक्षा से बाहर कर दिया जाता है। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि ठंड के कारण उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि सर्द मौसम में गर्म कपड़ों की अनिवार्यता को देखते हुए किसी भी विद्यार्थी को केवल रंग डिजाइन के आधार पर कक्षा से वंचित करना अनुचित है।

**रोका नहीं जाएगा**

- कोई भी गर्म कपड़ा पहनकर आते हैं, तो रोका नहीं जाएगा।
- रंग डिजाइन के आधार पर कक्षा से वंचित करना

# मेन रोड़ पर दुकान से रुपए लेकर आरोपी फरार

### सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने पकड़ा

**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर के मुख्य मार्ग स्थित सिंघल किराना दुकान के काउंटर से पिपरानी निवासी ने नगदी राशि पर हाथ साफ कर दिया। शनिवार को हुई इस घटना के बाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपी की सर्चिंग की गई, जिसके बाद रविवार को आरोपी को पकड़ा गया।

थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने बताया कि घटना के बाद से नगर के विभिन्न मार्गों में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर नगदी 37200 रूपए बरामद किए गए। आरोपी की पहचान करते हुए थाने पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना जारी है।

थाना प्रभारी ने अपील की है कि दुकान पर नगदी राशि के रखरखाव को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, उप निरीक्षक सुनील रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक धनेश्वर पाटिल, आरक्षक महेंद्र प्रजापति, नवीन मेहता का शामिल रहे। वहीं त्वरित कार्रवाई को लेकर सचिन सिंघल सहित व्यापारियों ने पुलिस थाना प्रभारी और स्टॉफ का आभार जताया है।



# भारत एकता यात्रा सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य करेगी : सांसद

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 24 नवम्बर**

भारत जब आजाद हुआ तब वह 562 राज व्यवस्थाओं में बंटा हुआ था। उन सभी राजाओं से बात करके एक वृहद राष्ट्र की स्थापना करने का महत्वपूर्ण कार्य किया तो वो दुनिया के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया। इस राष्ट्र के निर्माता सरदार पटेल थे। यह यात्रा सभी समाजों को जोड़ने का काम करेगी।

उक्त बात सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारत एकता यात्रा के शुभारम्भ पर अंजड़ के सुभाष पार्क में कही। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही है। आज भारत को तोड़ने का कुचक्र चलाया जा रहा है, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है एक रहो सेफ रहो तथा एकता की आधारशिला समाज मे रहने वाला एक-एक वर्ग करे तथा सरदार पटेल के एकता के सूत्र को हम सभी को मजबूत करना है। यह यात्रा निश्चित रूप से बड़वानी जिले के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगी।



इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत एक सूत्र में बंधे व लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्होंने छोटे-छोटे राज्यों को एकजुट कर एक शक्तिशाली राष्ट्र की स्थापना की। हमें एक भारत आत्मनिर्भर भारत बनाना है। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि रविवार को बड़वानी के रेवा सर्कल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थल तक पद यात्रा सांसद पटेल के नेतृत्व में निकाली। अतिथियों ने सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया।

स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष ऋतुराज सिंह तोमर ने दिया व संचालन यात्रा प्रभारी बंटी बंसल ने किया। यात्रा में सभी हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय व वन्देमातरम का जयघोष करते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।

**खेल स्पर्धा का शुभारंभ**

जपं स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ सांसद पटेल व जिलाध्यक्ष यादव ने किया। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। यात्रा ग्राम बोरलाय से होते हुए बड़वानी की ओर रवाना हो गई।

# लक्ष्मी पहुंची गरीबों के द्वार

**बडवानी, (नवभारत)।** ग्राम बोरलाय में सामान्य जीवन-यापन कर रही सुनीता चौहान जिनकी आयु 31 वर्ष है एवं इन्होंने हायर सेकेंडरी तक शिक्षा प्राप्त की है। यह कभी नहीं सोचा था कि वे कभी गरीबों के घर लक्ष्मी (रुपया) को लेकर जाएगी एवं उन्हें उनके ग्राम के ही नहीं अपितु आसपास के 10-15 किमी दायरे के ग्रामों के निवासी उन्हें लक्ष्मी कहने लगेगे।

शुरूआत में इन्होंने स्वयं सहायता समूह की 7 पुस्तकों को लिखने का कार्य प्रारंभ किया। जिसमें उन्हें मात्र 500 रूपए प्रतिमाह मिलते थे। इसके बाद ग्राम संगठन जीजा बाई महिला आजीविका ग्राम संगठन बोरलाय में सचिव का कार्य करने की जिम्मेदारी मिली। इस बीच आजीविका मिशन द्वारा आरसेटी बड़वानी को बैंक मित्र उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कराने के लिए आग्रह किया गया। जिसमें सुनीता ने भाग लिया। इसके बाद इनके जीवन में बदलाव आया। जहां सुनीता प्रशिक्षण प्राप्त करने के पूर्व समूह में पुस्तक संचालन का कार्य कर 500 रूपए मासिक आय कमा पा रही थी, वहीं आज बैंक मित्र उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के बाद रु 15000 से 20000 रूपए



## अखंड वेदांत संत सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण

इंदौर. बिजासन रोड स्थित शहर के प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर अ.भा. वेदांत संत सम्मेलन का 58वां आयोजन 4 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें देश के जाने माने अनेक संत और विद्वान, आचार्य एवं महामंडलेश्वर शामिल होकर प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे. आश्रम की प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक अशोक गोयल, महासचिव दीपक जैन टीनू, संगठन सचिव भावेश दवे एवं कोषाध्यक्ष किशोर गोयल ने बताया कि शनिवार को समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरुप एवं संत राजानंद के सानिध्य में सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया. इस अवसर पर अध्यक्ष हरि अग्रवाल, किशोर गोयल एवं अशोक गोयल ने उनका स्वागत किया. इसी तरह महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने भी महामंडलेश्वरजी के सानिध्य में सम्मेलन की प्रचार सामग्री का लोकार्पण किया. इस अवसर पर हरि अग्रवाल, मुरलीधर धामानी, विनय जैन अशोक गोयल एवं सम्मेलन से जुड़े सहयोगी बंधु उपस्थित थे. सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के लिए गठित विभिन्न समितियों में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट एवं विधायक रमेश मेंदोला संरक्षक मंडल में मनोनीत किए गए हैं। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं बालकृष्ण छावछरिया प्रमुख संरक्षक तथा विष्णु बिंदल स्वागताध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं.

## 'वन इंदौर - रन इंदौर' मैराथन आज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** स्वच्छता में नंबर-1 इंदौर अब स्वास्थ्य और फिटनेस में भी अग्रणी बनने का प्रयास कर रहा है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 'यूनाइटेड इंदौर फोरम' की पहल पर 'वन इंदौर - रन इंदौर' मैराथन का कल 23 नवंबर को दशहरा मैदान में आयोजन होगा। मैराथन तीन अलग अलग केटेगरी में होगी. मैराथन के लिए संस्था के पास 8 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन की पुष्टि हो चुकी है.

यूनाइटेड इंदौर फोरम के मोहित यादव ने मीडिया को बताया कि इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में दशहरा मैदान पर कल सुबह 'स्वथ्य इंदौर - स्वच्छ इंदौर' के नारे के साथ मैराथन का आयोजन होगा. यूनाइटेड इंदौर संस्था द्वारा आयोजित उक्त मैराथन कल सुबह 6.30 बजे शुरू होगी। मैराथन तीन श्रेणियों में क्रमश 3, 5 एवं 7 किलोमीटर लंबी रहेगी. इसमें बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग जनों, खेल प्रेमियों, डॉक्टर, वकील, सीए, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों सहित सभी आयु वर्ग के लोग शामिल होंगे। प्रतिभागियों को रनिंग किट व फिनिशिंग पर मेडल प्रदान किए जाएंगे. इस मौके पर संस्था के सहयोग में दिव्यांग पद्म श्री सत्येन्द्र, रजत धनुका, प्रयास संस्था की पूजा दवे, सीए निधि बंग, एडवोकेट नितिन भाटी, आईसेक्ट कॉलेज अवधेश दवे ने मैराथन को लेकर अलग अलग विशेषता बताई.

### इंदौर एक है और स्वास्थ्य के लिए एकजुट हो : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि शहर में 70 संजीवनी क्लिनिक संचालित हैं, जहाँ प्रतिदिन 7 हजार लोग निशुल्क उपचार पा रहे हैं. साथ ही 85 वार्डों में 140 स्थानों पर योग सत्र नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा स्वच्छ इंदौर, स्वस्थ इंदौर, फिट इंदौर और नशे के खिलाफ यही हमारा संकल्प है. यह मैराथन इस एकता और स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बनेगी.

# टास्क इन्वेस्टमेंट ठगी में सक्रिय गुजरात मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

### 60 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी में 40 से अधिक बैंक खाते किए फ्रीज

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. ऑनलाइन टास्क के नाम पर लोगों को मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले इंटरस्टेट रैकेट के दो और सदस्य क्राइम ब्रांच की टीम के हत्थे चढ़े हैं. फरियादी को शुरुआती लाभ दिखाकर भरोसा जीतने के बाद लाखों की रकम ठग ली गई थी.**

शहर में टेलीग्राम टास्क के जरिए इन्वेस्टमेंट ठगी करने वाले गैंग पर क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. गुजरात स्थित मॉड्यूल से जुड़े दो आरोपियों सूरत के अनुराग और यहीं के मनीष भट्टर को गिरफ्तार किया है. इनकी भूमिका फर्जी बैंक खातों की व्यवस्था कर ठग गिरोह को सपोर्ट करने की बताई जा रही है. फरियादी से करीब 60 लाख की ठगी को अंजाम दिया था. शहर में साइबर फ्रॉड के खिलाफ पुलिस आयुक्त द्वारा जारी विशेष अभियान के तहत क्राइम ब्रांच की स्पेशल टीम ऑनलाइन ठगी के मामलों की जांच में जुटी है. जिसके तहत एनसीआरपी पोर्टल-1930 पर मोहम्मद हिदायतुल्ला नामक फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई थी. उसने बताया कि टेलीग्राम टास्क के माध्यम से शुरू में छोटा मुनाफा दिखाकर विश्वास में लिया, फिर बड़ी रकम इन्वेस्ट करवाकर ठगी की. मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को गुजरात से पकड़ लिया.







**फर्जी बैंक खाते कराते थे उपलब्ध**

पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि वे ठगी गैंग को फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराते थे और इसके एवज में मोटा कमीशन पाते थे. गैंग द्वारा देशभर में सैकड़ों लोगों को इसी पद्धति से ठगने की बात भी सामने आई है. टीम ने आरोपियों से जुड़े 40 से अधिक बैंक खातों में जमा लाखों को फ्रीज करा दिया है. प्रकरण में इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र से चार ठग मंदीप (हिसार), सिध्देश्वर खांड भराड़ (महाराष्ट्र), गुरदीप बुरा (हरियाणा), कृष्णा कदम (महाराष्ट्र) को भी गिरफ्तार किया जा चुका है. क्राइम ब्रांच अब गिरोह के बाकी सदस्यों, उनके नेटवर्क और धन के प्रवाह की जांच कर रही है.

**एक नजर में** गृहस्थ जीवन में काम आने वाली वस्तुएं दोनों हाथों से लुटाईं

# सन्यास जीवन की राह पर चल पड़े आर्किटेक्ट कौशिक

### आज बास्केटबाल स्टेडियम पर जैनाचार्यों की निश्रा में होगी दीक्षा विधि

**इंदौर.** रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल स्टेडियम पर शनिवार को सुबह हैदराबाद-सिकंदराबाद के 21 वर्षीय युवा मुमुक्षु कौशिक कुमार खांटेड के सन्यास जीवन की राह धूमधाम से प्रशस्त हो गई, जब रेसकोर्स रोड स्थित उपाश्रय से जैनाचार्य विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य देव विजय जिनसुंदर सूरीश्वर एवं आचार्य विजय धर्मबोधि सूरीश्वर सहित 50 से अधिक साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा में भव्य वरघोडा निकाला गया. एक सुसज्जित रथ पर सूट-बूट और अनेक गहनों से लदे मुमुक्षु कौशिक ने रथ पर आते ही अपने गृहस्थ जीवन में काम आने वाली वस्तुएं लुटाना शुरु कर दीं। रथ पर इस तरह की ढेरों सामग्री रखी हुई थी. रेसकोर्स रोड उपाश्रय से यह जुलूस यशवंत निवास रोड से अभय प्रशाल एवं विकास प्राधिकरण भवन से होते हुए बास्केटबाल स्टेडियम पहुंचा, जहाँ ओसवाल जैन साधना साथ युवा संघ, धर्म तिलक परिवार तिलक नगर, वीरमणि युवा संगठन सेवाभावी युवा साथियों ने विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली. इस अवसर पर समर्पण ग्रुप की ओर से विनोद जैन, रितेश जारोली, रेसकोर्स रोड जैन श्रीसंघ की ओर से यशवंत जैन, प्रकाश भटेवरा, कीर्ति भाई डोसी सहित अनेक जैन श्री संघों के प्रतिनिधि और पदाधिकारी भी मौजूद थे.



**वर्षीदान की रस्म संपन्न हुई**

स्टेडियम पर जैनाचार्यों की निश्रा में मुमुक्षु कौशिक कुमार के बैठा वर्षीदान की रस्म संपन्न की गई और दीक्षा महोत्सव के मुख्य चढ़ावे भी संपन्न हुए. वहीं शाम को संसार से संयम की ओर आगे बढ़ते हुए सभी परिजनों, मातुश्री पुष्पाबाई सुकनराज खांटेड, दाखू बाई, अभय कुमार खांटेड, मिश्रिमल, महेंद्र कुमार, उत्तम चंद व संजय कुमार खांटेड, भुआ लीलाबाई मूथा, मामा संघवी मांगीलाल कोठारी सहित स्नेहीजनों से भावपूर्ण बिदाई ली.